>

Title : Need to construct Over Bridges at Gadkhol and Bhulao crossings on Ahmedabad-Mumbai National Highway in Bharuch, Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच जिले में गडखोल क्रासिंग अंकलेश्वर को जोड़ता है एवं भुलाव क्रासिंग भरूच को जोड़ता है। यह दोनों क्रासिंग अहमदाबाद-मुम्बई राष्ट्रीय रेलवे मार्ग पर स्थित है। इन स्थानों पर यातायात बहुत ज्यादा है। दोनों जगहों के औद्योगिक कारखानों का यातायात इन्हीं क्रासिंग से होकर जाता है। अत्यधिक यातायात होने के कारण यह दोनों मार्ग घंटों तक बाधित रहते है और लोगों को बहुत असुविधा होती है। लोगों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए इन क्रासिंगो पर एक एक उपरी पुल बनना अति आवश्यक है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध हे कि अहमदाबाद-मुम्बई रेलवे मार्ग पर स्थित भरूच-अंकलेश्वर जिले के अंतर्गत गडखोल एवं भुलाव क्रासिंग पर एक एक उपरी पुल शीघ्र बनाने के निर्देश दिये जाये।